देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 195 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 5 नवंबर 2020

**विचार-प्रवाह...**बेका पर समझौता हो गया





मौसम | अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 ट्रंप और बाइडेन के बीच कांटे की टक्कर

5 ठाकरे-2 पर काम शुरू हो गया है

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने की विभिन्न पार्कों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनपद चम्पावत की टनकपुर नगर पालिका के अंतर्गत नेहरू पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु 47.81 लाख तथा पं. दीन दयाल पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु 5.35 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत मुनि की रेती में इको पार्क के निर्माण कार्य के क्रियान्वयन हेतु हिमालयन पारिस्थितिकी सुधार जैव-विविधता आवर्धन तथा आजीविका संवर्द्धन संस्था के गठन की भी स्वीकृति मुख्यमंत्री ने प्रदान की है।

### सीएम ने 38 वें राष्ट्रीय खेलों के अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु स्वीकृत की धनराशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश में 38 वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये संस्तुत 7 कार्यों में से प्रथम चरण के तीन कार्यों हेतु 29 करोड़ 83 लाख 664 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि का बाद में भारत सरकार से केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त होने पर समायोजन किया जायेगा। साथ ही सीएम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु भी 5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि का समायोजन भी भारत सरकार से केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त होने पर किया जायेगा।

### विधायक जीना के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती विधायक सुरेंद्र सिंह जीना के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। सीएम ने सर गंगाराम अस्पताल के निदेशक से दूरभाष पर वार्ता कर जीना के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना के बेहतर उपचार एवं देखभाल हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये भी निदेशक सर गंगा राम अस्पताल से अपेक्षा की है।

# 20 प्रस्ताव पर कैबिनेट की सहमति

## 40 नए निकायों की ग्राम पंचायतों और पालिकाओं में 10 साल तक हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा

राज्य कैबिनेट की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य कैबिनेट की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 21 प्रस्ताव आए, 20 प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दी और एक प्रस्ताव को अगली कैबिनेट के लिए रोका गया है। कैबिनेट ने फैसला लिया कि 40 नए निकायों की ग्राम पंचायत और नगर पालिकाओं में 10 साल तक हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में एक उत्कृष्ट अटल मॉडल विद्यालय को खुलेगा। ये स्कूल सीबीएसई से एफिलिएटिड होंगे। सरकार महिला उद्यमियों के लिए 5100 वेंडिंग जोन बनाएगी। मौन पालन के लिए मधु ग्राम की स्वीकृति कैबिनेट द्वारा दी गई। न्याय पंचायत स्तर पर 95 आदर्श मधु ग्राम स्थापित होंगे।

कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी शासकीय प्रवक्ता कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत देहरादून पुरानी जेल परिसर, बार ऐसोसिएशन को पांच बीघा भूमि अन्यत्र दिए जाने पर सहमति बनी है। विद्युत नियामक आयोग उत्तराखण्ड की वार्षिक रिपोर्ट 2018-2019 को सदन पर रखने की अनुमति दी गई। आईडीपीएल के बकाया बिजली बिलों के प्रतिपूर्ति हेतु निर्णय लिया गया कि कुल बकाया 257 करोड़ में से 46 करोड़ आईडीपीएल से लिया जाएगा, शेष 211 करोड़ को बुक एडजेस्टमेंट के तहत स्वीकृति दी गई। शहरी निकाय में 24 घंटे जन सेवा सुविधा को



### प्रत्येक ब्लॉक में एक उत्कृष्ट अटल मॉडल विद्यालय खुलेगा

विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक ब्लाक में दो सरकारी अटल उत्कृष्ट विद्यालय को खोलने की स्वीकृति दी गई। पेराई सत्र 2020-21 के लिए उत्तराखण्ड खाण्डसारी नीति को प्रख्यापित किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर 95 आदर्श मधु ग्राम स्थापित होगा। उत्तराखण्ड उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण अधीनस्थ (समूह 'ग') सेवा संशोधन नियमावली, 2020 स्वीकार की गई। राज्य में कियोस्क निर्माण कर महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने हेतु 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में महिला उद्यमियों के लिए 5100 कियोस्क प्रथम चरण में स्थापित किये जाएंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें संबंधित विभाग के सचिव स्टेक होल्डर होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के टास्क फोर्स गठित किया जाएगा।

ऑनलाइन ई-गवर्नेंस ढ़ांचे के संबंध में 27 पदों की अनुमति दी गई। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लिए लाइसेन्सिंग सुधार के लिए निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करने पर खुद ही नवीनीकरण किया जाएगा। यह व्यवस्था नगर निगम के लिए होगी। उत्तराखण्ड मोटर यान नियमावली 2011 में संशोधन करके 10 सीटर वाहन, ऑनलाइन ग्रीन कॉर्ड लेने की व्यवस्था पर सहमति बनी है। अति संवेदनशील सूचना अवसंरचना उत्तराखण्ड 2020 की नियमावली के तहत अधिसूचित के लिए दिशा-निर्देश एवं मानव संचालन प्रक्रिया को अनुमति दी गई है।

ऊधम सिंह नगर, पंतनगर एयरपोर्ट को 1072 एकड़ की भूमि निशुल्क दी जाएगी। डोईवाला सीपैट को 30 वर्ष की लीज पर भूमि निशुल्क दी जाएगी। कोविड के अंतर्गत प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य सरकार ने कुल 100 से अधिक शासनादेश जारी किए इसकी जानकारी कैबिनेट को दी गई। **शेष पेज 8 पर...**

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुकिंग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करें

## सीएम ने ली कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के विभागों की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत के साथ वन, सेवायोजन एवं कौशल विकास, श्रम तथा आयुष विभाग की समीक्षा की। वन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुकिंग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया जाय। ऑनलाईन बुकिंग के लिए एप्प विकसित किया जाए। लकड़ी एवं आरबीएम के लिए लोगों को एप्लाई करने के बाद निश्चित समयावधि में अनुमति मिल जाय, इसके लिए लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। लोगों के हक-हकूकों का पूरा ध्यान रखा जाय। इसको सेवा के अधिकार के तहत सम्मिलित किया जाय।



सीएम वन, श्रम, आयुष विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए।

व्यावसाईयों के लिए जो रवन्ने जारी हो रहे हैं, उनकी चौक पोस्ट पर नियमित चौकिंग की जाए। चौक पोस्टों पर कैमरे की व्यवस्था एवं पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन की जाय।

वन विभाग द्वारा जहां भी वृक्षारोपण करवाया जा रहा है,उन वृक्षों की सुरक्षा के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाई जाय। हमारा उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित न हो, बल्कि इनकी सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदारी तय की जाय। वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा के लिए जन सहयोग लिया जाय। वन विभाग द्वारा राजस्व वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाय।

औषधीय आधारित ग्रोथ सेंटर विकसित करने के लिए योजना बनाई जाय। वन विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों का भुगतान समय पर हो। वनाग्नि को रोकने के लिए समुचित प्रयासों की जरूरत है। **शेष पेज 8 पर...**

# अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी प्रेस की आजादी पर कुठाराघात


**संवाददाता**

देहरादून। पत्रकार अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रेस की आजादी पर कुठाराघात बताया है। उन्होंने इस मामले से जुड़ा एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने कहा है कि रिपब्लिक चैनल के अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी अभिव्यक्ति और प्रेस की आजादी पर एक कुठाराघात है।

इमरजेंसी के दिनों की याद दिलाता ये कुकृत्य कांग्रेस संस्कृति का परिचायक है। लोकतंत्र में ईमानदार पत्रकारिता करने वालों की आजादी इस तरह से बंद करने की मैं भर्त्सना करता हूं। रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को मुंबई पुलिस ने आत्महत्या के एक पुराने मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस अर्नब गोस्वामी के वर्ली स्थित निवास पर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया।

अर्नब गोस्वामी का कहना है कि मुंबई पुलिस ने उनके साथ मारपीट की है। रिपब्लिक टीवी ने

### भर्त्सना



■इमरजेंसी के दिनों की याद दिलाता ये कुकृत्य कांग्रेस संस्कृति का परिचायक: सीएम

अर्नब के घर के लाइव फुटेज को प्रसारित किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि पुलिस और अर्नब के बीच झड़प हो रही है।

यह मामला साल 2018 का है, जब 53 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर अन्वय नाइक और उनकी मां कुमुद नाइक ने मई 2018 में अलीबाग में आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें कथित तौर पर कहा गया कि अर्नब गोस्वामी और दो अन्य लोगों ने उन्हें 5.40 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। इस कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई और उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दीपावली पर सज गए बाजार

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना संकट के बीच रोशनी और रंगों का त्योहार दीवाली लोगों के चेहरों पर खुशियां लेकर आई है। दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में तैयारी जोरों पर हैं। राजधानी देहरादून में मिट्टी के बर्तन, घर सजाने के सामान, रंग-बिरंगी झालरों की दुकानें भी सज गई हैं।

दून में इस बार दीपावली पर

### ईको फ्रेंडली प्रोडक्ट की बहार

ईको फ्रेंडली दीपावली और स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए समाजसेवी संस्था से जुड़ी महिलाओं द्वारा नई पहल की गई है। महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली इस संस्था की महिलाओं द्वारा दीपावली पर रंग-बिरंगे मिट्टी के बर्तन और अन्य सजावटी सामान तैयार किए जा रहे हैं। जो दिखने में बेहद ही खूबसूरत होने के साथ ही पूरी तरह ईको फ्रेंडली और बजट में उपलब्ध हैं। ये महिलाएं दीपावली के मद्देनजर चाय के कप, वाटर बोतल, पूजा थाली और छोटे पतीले तैयार कर रहीं हैं, इसके साथ ही घर की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फ्लावर पॉट और मोमबत्तियां भी तैयार कर रहीं हैं। अधिकतर प्रोडक्ट मिट्टी से तैयार किए गए हैं।